प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'सत्ताईस' [26/6/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 533]

533 परिशिष्ट

विधानसभा आश्वासन प्रश्न क्रमांक
माननीय विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर
CIN : U40109MP2002SGC015120
रजिस्टर्ड ऑफिस ब्लॉक नं0 7, शक्तिभवन, रामपुर, जबलपुर (म.प्र.)
Web Site : www.mpez.co.in

बी श्रेणी प्रकरण

क्र.पूक्षे / कार्य / व्ही.आई.पी. / 2017 / सी.क्षे.69 / 2548   दिनांक 17 / 10 / 2017

प्रति,

अवर सचिव
ऊर्जा विभाग
म.प्र. शासन, भोपाल

विषय :– ग्राम पंचायत हाटा एवं पिपराही तहसील हनुमना में नवीन 33 / 11 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन खोले जाने के संबंध में।

संदर्भ :– 1. आपका पत्र क्र. एफ–13–09 / 2014 / तेरह दिनांक 30.01.2017
2. उप सचिव कार्यलय मुख्य मंत्री का पत्र क्र. 9 / CMS/VIP/2017 दिनांक 12.01.2017

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें ।उपरोक्त विषयांतर्गत प्राप्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में अधीक्षण अभियंता (सं. / सं.) वृत्त रीवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवगत कराया जाता है कि ग्राम पिपराही तहसील हनुमना को वर्तमान में 33 / 11 के व्ही उपकेन्द्र खरकरी के 11 के व्ही पिपराही फीडर द्वारा विद्युत आपूर्ति की जाती है वोल्टेज रेगुलेशन उक्त फीडर पर निर्धारित सीमा 9% के स्थान पर 23.19 पाया गया है। तथापि गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु प्रस्तावित 11 के व्ही पिपराही फीडर में 33 / 11 के.व्ही. नये उपकेन्द्र घोघम से ग्राम वीरादेही तक 5.0 कि.मी. लाईन का विस्तार का कार्य वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर आगामी कार्य योजना मे शामिल करने हेतु चिन्हित किया गया है। उक्त फीडर को विभाजित किये जाने पर वर्ष 2021 में भी अंतिम छोर पर संभावित वोल्टेज ड्राप 5.59 होगा। अतः वर्तमान में ग्राम पिपराही में 33 / 11 के व्ही उपकेन्द्र निर्माण का प्रस्ताव तकनीकी रूप से साध्य नहीं पाया गया है ।

रीवा जिले के मऊगंज विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम हाटा क्षेत्र में विद्यमान 33 के.व्ही. उपकेंद्र घोघम से निकलने वाले 11 के.व्ही. प्रतापगंज फीडर से विद्युत प्रदाय किया जा रहा है । इस फीडर की लम्बाई मात्र 20 कि.मी. एवं अधिकतम भार 110 एम्पीयर है उक्त फीडर के अंतिम छोर पर ग्राम हाटा स्थित है एवं वोल्टेज रेगुलेशन 8.63% है जो कि स्वीकृत सीमा के अंदर है उक्त ग्राम हाटा में उपकेन्द्र निर्माण के प्रस्ताव का तकनीकी परिक्षण किया गया । वर्तमान में ग्राम हाटा में 33 / 11 के.व्ही. में उपकेन्द्र निर्माण का कार्य किया जाना तकनीकी रूप से साध्य नहीं पाया गया है।

उक्त जानकारी सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

मुख्य महाप्रबंधक (कार्य)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर

अनुभाग अधिकारी
म.प्र.शासन, ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, भोपाल

उप महाप्रबंधक (कार्य प्र.सी.)
म.प्र.पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि.
जबलपुर

सत्य प्रतिलिपि